प्रकाशनार्थ

26 जनवरी, 2025 गोरखपुर

76वां गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर, गोरखपुर एसोसिएशन आफॅ पीडियाट्रिक्स इंडियन ऐकडमी आफॅ पीडियाट्रिक्स ने गुरू श्री गोरक्षनाथ ब्लड बैंक में एक रक्तदान शिविर का आयोजन करवाया।

इस अवसर पर झंण्डा रोहण के बाद चिकित्सालय के उप मुख्य चिकित्साधिकारी एवं ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. अवधेश अग्रवाल ने गणतंत्र दिवस पर बलिदानियों को याद करते हुए कहा की ''बलिदानों का सपना जब सच हुआ, देश तभी आजाद हुआ, आज सलाम करें उन वीरों को, जिनकी शहादत से भारत गणतंत्र हुआ'। आज ही के दिन भारत का सविंधान भी लागू हुआ था। ब्लड बैंक महत्वपुर्ण तिथियों पर रक्तदान शिविर का  आयोजन करता रहता है।

एसोसिएशन आफॅ पीडियाट्रिक्स इंडियन ऐकडमी आफॅ पीडियाट्रिक्स अध्यक्ष डॉ. एन.के. जायसवाल जी ने स्वयं रक्तदान किया और लोगों को बताया कि हर साल लगभग 13.6 मिलियन यूनिट रक्त दान किया जाता है। हर दिल लगभग 36,000 यूनिट रक्त की आवश्यकता होती है। चिकित्सा प्रौद्योगिकी में प्रगति के कारण, रक्त बैंक सुरक्षित रूप से रक्त दान को संग्रहित कर सकते हैं, और सभी के लिए सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रक्त को संसाधित और जाचं सकते हैं।

एसोसिएशन आफॅ पीडियाट्रिक्स इंडियन ऐकडमी आफॅ पीडियाट्रिक्स के सचिव डॉ. डी.के. बागवानी ने बताया कि रक्तदान करके हम केवल दुसरों का ही जीवन नही बचाते, बल्कि इससे रक्तदान का वातावरण निर्मित होता है। इस तरह स्वयं को कभी रक्त कि आवश्यकता पडने पर भी आसानी से रक्त की उपलब्धता हो सकेगी। इससे रक्तदाता के जीवन की सुरक्षा भी निहित है।

आज के रक्तदान शिविर में डॉ. एन.के.जायसवाल, डॉ. डी.के बागवानी, निखिल श्रीवास्तव, चंद्रीकेश, गोविंद साहनी, अकिल अहमद, महेन्द्र सिंह के साथ लगभग 18 लोगों ने रक्तदान किया।

इस रक्तदान को सफल बनानें में ब्लड बैंक अधिकारी, टेक्नीशियन एवं कर्मचारियों का महत्वपुर्ण योगदान रहा।